उक्त के सम्बन्ध में परिवार नियोजन इन्डेमिनिटी उपसमिति की 13वी बैठक में श्रीमती मैना के प्रकरण को समिति के समक्ष पुनः प्रस्तुत किया गया, जिस पर मिशन निदेशक महोदय द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सीतापुर से पुनः स्पष्ट आख्या प्राप्त किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। अन्य बिन्दुओं पर पर समिति द्वारा सन्तोष व्यक्त किया गया।

एजेण्डा मद संख्याः–02
(प्रगति का विवरण)

डा0 वीरेन्द्र सिंह, संयुक्त निदेशक(प0क0) द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 01 अप्रैल 2013 से लागू परिवार नियोजन इण्डेमिनिटी योजना के अन्तर्गत गठित ''परिवार नियोजन इण्डेमिनिटी उपसमिति'' की अब तक कुल 12 बैठकें सम्पन्न हो चुकी है।

योजना के प्रारम्भ से अब तक राज्य स्तर पर कुल प्राप्त क्लेम फार्मो व उनके सापेक्ष निस्तारित दावा प्रपत्रों का विवरण निम्नवत् हैः–

(1)	कुल प्राप्त दावा प्रपत्रों की संख्याः–	2536
(2)	विगत् बैठकों में समिति के समक्ष प्रस्तुत दावा प्रपत्रों की संख्याः–	2205
(3)	प्रस्तुत दावों के सापेक्ष स्वीकृत दावों की संख्याः–	1530
(4)	प्रस्तुत दावों के सापेक्ष अस्वीकृत दावों की संख्याः–	675
(5)	परीक्षणोपरान्त आज की बैठक दिनांक 28 सितम्बर 2017 में निस्तारणार्थ प्रस्तुत दावों की संख्याः–	331

एजेण्डा मद संख्याः–03
(आज की बैठक में निस्तारण हेतु प्रस्तुत दावों का जनपदवार विवरण)

महानिदेशालय में विभिन्न जनपदों से प्राप्त 331 दावों का परीक्षण दिनांक 21 से 27 सितम्बर 2017 तक निदेशालय में समिति द्वारा किया गया, जिनका जनपदवार विवरण निम्नवत् हैः–